प्रेषक

मिशन निदेशक
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन
उ0प्र0, लखनऊ।

सेवा में

मुख्य चिकित्साधिकारी
जनपद– हाथरस।

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2019–20 / 8355 दिनांक 03.01.2020

विषयः राज्य स्तरीय टीम द्वारा माह दिसम्बर 2019 में किये गये पर्यवेक्षण की आख्या पर कार्यवाही किये जाने के संबंध मे।

महोदय,

अवगत कराना है कि दिनांक 17.12.2019 से 19.12.2019 तक राज्य स्तरीय टीम के द्वारा जनपद हाथरस के चिकित्सकीय इकाईयों का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया। स्थलीय पर्यवेक्षण के आधार पर भ्रमण रिपोर्ट पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यवाही हेतु आपको प्रेषित की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के दौरान दृष्टिगत बिन्दुओं को संज्ञान में लेते हुये अपने जनपद की समस्त चिकित्सा इकाईयों पर उनका निराकरण कराने हेतु आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करें।

संलग्नक–पर्यवेक्षण आख्या।

भवदीय

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

पत्रांकः एस0पी0एम0यू0 / एन0एच0एम0 / सहयोगात्मक पर्यवेक्षण / 2019–20 / 8355-5 तद्दिनांक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित –

1. जिलाधिकारी, जनपद हाथरस, उ0प्र0।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अलीगढ़ मण्डल, अलीगढ़।
3. अधिशासी अभियन्ता, समस्त महाप्रबन्धक, अनुभागाध्यक्ष एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0 उ0प्र0।
4. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, अलीगढ़ मण्डल।
5. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, जनपद हाथरस को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(पंकज कुमार)
मिशन निदेशक

सहयोगात्मक पर्यवेक्षण
जनपद– हाथरस
दिनांक – 17.12.2019 से 19.12.2019

पर्यवेक्षक–

- **श्री अरूणेश तिवारी, सलाहकार, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।**
- **श्री विपिन कुमार श्रीवास्तव, कार्यक्रम सहायक, एस0पी0एम0यू0, एन0एच0एम0, लखनऊ।**

अवगत कराना है कि उपरोक्त पर्यवेक्षकों द्वारा दिनांक 17.12.2019 से 19.12.2019 तक अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, हाथरस एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक के साथ निम्नांकित चिकित्सा इकाइयों/सामुदायिक स्तर कार्यक्रमों का पर्यवेक्षण किया गया–

✓ दिनांक 17.12.2019 को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हसायन, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीनगर का पर्यवेक्षण किया गया।

✓ दिनांक 18.12.2019 को वी0एच0ए0डी0 सत्र के दौरान प्राथमिक विद्यालय वीरनगर एवं ग्राम नगला दली, ब्लाक सहपऊ का पर्यवेक्षण किया गया।

✓ दिनांक 19.12.2019 को अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मधुगढी एवं एफ0आर0यू0 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सादाबाद का पर्यवेक्षण किया गया।

दिनांक	Major Findings from the Visit Site	Intervention/Activities Identified	Level of Intervention
प्रथम दिवस 17.12.19	**सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हसायन, जनपद हाथरस** • इकाई पर कुल 3 चिकित्साधिकारी, 03 फार्मासिस्ट, 11 स्टाफ नर्स (03 एन0बी0एस0यू0 में संबद्ध), 01 लैब अडेन्डेंट एवं 04 एच0वी0 के पद की नियुक्ति है। महिला चिकित्सक (एल0एम0ओ0) की नियुक्ति नहीं है। • पूर्व में सूचना देने के उपरान्त, बिना उचित कारण बताये चिकित्सा प्रभारी एवं बी0सी0पी0एम0 अनुपस्थित पाये गये। इकाई के मुख्य द्वार पर नेम बोर्ड टूटा हुया है। • स्टाफ नर्स की एस0बी0ए0, पी0पी0आई0यू0सी0डी0 के प्रशिक्षण नहीं हुये हैं। • नवम्बर माह में कुल 218 सामान्य प्रसव हुये हैं। • कुल प्रसव में से 01 स्टिल बर्थ है एवं 12 नवजात Low Birth weight (9 Male & 03 Female) है। काई भी मातृ मृत्यु नहीं हुयी है। • लाभार्थियों को जे0एस0वाई0 के अन्तर्गत दी जाने वाली राशि का भुगतान किया जा रहा है। जे0एस0वाई0 रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया। • परिवार नियोजन रजिस्टर, जे0एस0एस0के0 डाइट रजिस्टर एवं रेफर रजिस्टर का अवलोकन किया गया। • उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं हेतु HRP का चिन्हिकरण किया जा रहा है। विगत माह में 07 उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हिकरण कृत उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर किया गया था। • 102 एवं 108 एम्बूलेन्स की सेवाएं दी जा रही है। एम्बूलेन्स रजिस्टर अपडेट नहीं पाया गया। प्रारूप शासनादेश दिनांक 14.06.2017 के अनुसार नहीं है। • शौचालय में अत्यन्त गंदगी पायी गयी। • Bio metric machine नहीं लगी है।	 चिकित्सा प्रभारी की अनुपस्थिति की सूचना मुख्य चिकित्साधिकारी को दी गयी। प्रशिक्षण का महत्व से अवगत कराया गया। अपेक्षा की गयी कि भविष्य में होने वाले प्रशिक्षण में स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण हेतु नामित कराया जाये। शौचालय लेबर टेबल जे0एस0वाई0 रजिस्टर, जे0एस0एस0के0 डाइट रजिस्टर एवं एम्बूलेन्स रजिस्टर को अपडेट करने हेतु तथा प्रत्येक माह ब्लाक चिकित्सा प्रभारी द्वारा सत्यापित करने हेतु निर्देशित किया गया। Bio metric machine लगाने हेतु निर्देश दिये गये।	प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।

	• चिकित्सालय में जे0एस0एस0के0 के अर्न्तगत लाभार्थियो को दिये जाने वाले भोजन का प्रबन्धन किया गया है। Deit Chart नहीं चस्पा था। • equipment की Tagging नहीं थी एवं कम्पनी का Tollfree number डिस्पले नहीं किया गया है। • स्ट्रेचर जंग लगी हुयी पायी गयी। • OT में सभी equipment एवं Medicine नहीं उपलब्ध थी। कोई आई0ई0सी0 नहीं लगी थी। • PNC Ward में प्रोटोकाल प्रोस्टर नहीं लगे थें। • सामुदायिक स्तर के सभी अधिकारी का Visit Plan नहीं उपलब्ध था। • लेबर रूम में Digital Clock नहीं है। प्रोटोकाल प्रोस्टर नहीं लगे थें। Sterlisation हेतु autoclave नहीं है। • Partograph नहीं भरा जा रहा है। • इकाई परिसर में जंग लगे सामान का ढेर पाया गया।	Deit Chart किचन में एवं वार्ड में चस्पा किया जाये। लेबर रूम में सभी मानकानुसार ट्रे सुनिश्चित किया जाये तथा सभी ट्रे का नामांकन भी किया जाये। जंग लगी स्ट्रेचर आर0बी0एस0के0 टीम की गाडी का भुगतान जी0पी0एस0 के अनुसार होना चाहिए, परन्तु भुगतान मैनुअल हो रहा था।	
प्रथम दिवस 17.12.19	**<u>प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र श्रीनगर, ब्लाक हसायन , जनपद हाथरस</u>** • भवन के रेनोवेशन की आवश्यकता थी। मुख्य द्वार पर इकाई का नेम बोर्ड नहीं था। • इकाई पर 02 चिकित्साधिकारी (1 आयुष चिकित्सक), 01 फार्मासिस्ट की नियुक्ति है। • चिकित्सा इकाई पर साफ–सफाई, गार्डेनिंग, पीने का पानी एवं बिजली का प्रबन्ध था। परन्तु पावर बैकअप नहीं था। • इकाई पर जे0एस0वाई0 की सेवाएं नहीं दी जा रही है। • परिवार नियोजन संबंधी सेवाओं में Oral Pills (Mala N, Chaya) & Condom उपलब्ध है। • इकाई पर टीकारण की सेवाएं नहीं दी जा रही हैं। • इकाई पर एम्बूलेन्स की सेवाएं दी जा रही है। • कोई भी Protocal Poster नहीं लगे थे। कुछ वाल पेन्टिंग की गयी है।	नेम बोर्ड लगवाने हेतु निर्देश दिये गये। चूंकि स्वास्थ्य इकाई पर जे0एस0वाई0 की सेवाएं प्रदान नहीं की जा रही है। अतः एन0सी0डी0 कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए सार्थक प्रयास करने हेतु सलाह दी गयी। Protocal Poster लगवाने के लिए निर्देशित किया गया।	प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।
द्वितीय दिवस 18.12.19	**<u>वी0एच0एन0डी0 सत्र – प्राथमिक विद्यालय वीरनगर</u>** • सत्र के दौरान 01 ए0एन0एम0, 01 आशा एवं 01 आंगनवाडी कार्यकत्री उपस्थित थी। • ए0एन0एम0 एवं आशा की Due List भरी हुयी थी, Due List के अनुसार नवजात बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। नवजात शिशुओं को केवल टीकाकरण एवं विटामिन ए सिरप दी जा रही है।	 संबंधित आशा को निर्देशित किया गया कि लाभार्थी को परिवार नियोजन की सेवाएं अपनाने हेतु काउन्सलिंग करें।	प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक / बी0पी0एम0 / एएनएम / आशा के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।

	• नवजात शिशु को वजन करने के लिए Weighing machine, height measurement हेतु equipment उपलब्ध नहीं थे। • वी0एच0एन0डी0 सत्र से संबंधित आई0ई0सी0 एवं बैनर लगे हुये थे। • ए0एन0सी0 संबंधी सेवा प्रदान करने हेतु प्रबन्धन नहीं किया गया था।	सत्र में सफल संचालन हेतु आवश्यकतानुसार औषधियां एवं उपकरण उपलब्ध कराने के स्पष्ट निर्देश दिये गये। बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया कि ए0एन0एम0 एवं आशा के माध्यम से एच0आर0पी0 का चिन्हांकन किया जाये एवं उनका फालोअप करने की रणनीती बनायी जाये। साथ ही ए0एन0सी0 हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। 	
द्वितीय दिवस 18.12.19	**<u>वी0एच0एन0डी0 सत्र – ग्राम नगला दली, उपकेन्द्र मांगरू</u>** • सत्र के दौरान 01 ए0एन0एम0, 01 आशा एवं 01 आंगनवाडी कार्यकत्री उपस्थित थी। आशा के घर पर सत्र का आयोजन किया जा रहा था। • ए0एन0एम0 एवं आशा की Due List भरी हुयी थी, Due List के अनुसार नवजात बच्चों का टीकाकरण किया जा रहा है। नवजात शिशुओं को केवल टीकाकरण एवं विटामिन ए सिरप दी जा रही है। रजिस्टर अपूर्ण पाये गये। • नवजात शिशु को वजन करने के लिए Weighing machine, height measurement हेतु equipment उपलब्ध नहीं थे। • वी0एच0एन0डी0 सत्र से संबंधित आई0ई0सी0 एवं बैनर लगे हुये थे। • ए0एन0सी0 संबंधी कोई भी सेवा प्रदान नहीं की जा रही है।	 सत्र के सफल संचालन हेतु आवश्यकतानुसार औषधियां एवं उपकरण को आपसी समन्वय स्थापित करके प्राप्त किया जाये। बी0पी0एम0 को निर्देशित किया गया कि ए0एन0एम0 एवं आशा के माध्यम से एच0आर0पी0 का चिन्हांकन किया जाये एवं उनका फालोअप करने की रणनीति बनायी जाये। साथ ही ए0एन0सी0 हेतु समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।	प्रभारी चिकित्सा अधीक्षक / बी0पी0एम0 / ए.एन.एम. / आशा के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।
तृतीय दिवस दिनांक 19.12.19	**<u>अरबन प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, मधुगढ़ी</u>** • इकाई पर 01 चिकित्साधिकारी, 01 फार्मासिस्ट, 01 स्टाफ नर्स, 01 लैब टेक्नीशियन एवं 5 ए0एन0एम0 की नियुक्ति हैं। स्टाफ नर्स को एस0बी0ए0 प्रशिक्षण प्राप्त नहीं हुआ है। केवल IUD एवं RI का प्रशिक्षण प्राप्त है। • इकाई मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय परिसर में अवस्थापित है। • माह नवम्बर 2019 में कुल 7 सामान्य प्रसव कराये गये। • लाभार्थियों को परिवार नियोजन की सेवाएं प्रदान की जा रही है। • नवजात शिशुओं को Vaccine (BCG, OPV, Hep.B) दी जा रही थीं।	अपेक्षा की गयी कि भविष्य में होने वाले प्रशिक्षण में स्टाफ नर्स को प्रशिक्षण हेतु नामित कराया जाये। 	नोडल प्रभारी (अरबन) / प्रभारी चिकित्साधिकारी / अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर के स्तर से कार्यवाही अपेक्षित।

	• लेबर रूम में साफ–सफाई पायी गयी। बिजली एवं पानी का प्रबन्ध था। Colour Coted bin उपलब्ध था। • लेबर टेबल की स्थिति ठीक नहीं पायी गयी। कहीं–कहीं जंग लगी हुयी पायी गयी। • लेबर रूम में equipment को सही कराने हेतु टोलफ्री नं0 डिस्पले नहीं था। • लेबर रूम में इमरजेन्सी के लिए सुविधा नहीं देखी गयी। equipment & medicine नियत स्थान पर नहीं पाये गये। • उच्च जोखिम गर्भावस्था वाली गर्भवती महिलाओं का चिन्हीकरण व लाइन लिस्टिगं की जा रही है। • Protocol Poster नहीं लगे थे।	लेबर टेबल को ठीक कराने हेतु अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर को निर्देशित किया गया। इमरजेन्सी को ध्यान में रखते हुये equipment & medicine नियत स्थान पर रखवाये गये। अरबन हेल्थ कोआर्डिनेटर द्वारा अवगत कराया गया कि जल्द ही पेन्टिंग का कार्य कराया गया हैं। जल्द ही मानकानुसार प्रोटोकाल पोस्टर लगा दिये जायेगे।	
तृतीय दिवस 19.12.19	**<u>एफ0आर0यू0 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, सादाबाद</u>** दिनांक 19.12.2019 को सायं 06:00 बजे एफ0आर0यू0 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सादाबाद का पर्यवेक्षण किया गया। मौके पर 01 स्टाफ नर्स उपस्थित थी। लेबर रूम में रखे रजिस्टर का अवलोकन किया गया। रजिस्टर अपडेट नहीं पाये गये। लेबर रूम से संबंधित equipment व्यवस्थित नहीं पाये गये। 	निर्देशित किया गया कि लेबर रूम के रिकार्डों को अपडेट किया जाये। लेबर रूम में इमरजेन्सी को ध्यान में रखते हुये equipment & medicine व्यवस्थित किये जाये। 	प्रभारी चिकित्सक / स्टाफ नर्स

मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी (आर0सी0एच0) महोदय एवं जिला कार्यक्रम प्रबन्धक से बैठक करके चिकित्सा इकाईयों पर पर्यवेक्षण के संबंध में चर्चा की गयी। पर्यवेक्षण के दौरान पायी गयी कमियों के निराकरण की अपेक्षा की गयी।

02/01/2020

विपिन कुमार श्रीवास्तव
(कार्यक्रम सहायक)

02/01/2020

अरूणेश तिवारी
(कन्सल्टेन्ट)